**NEWS CLIPPING: 22.04.2019**

**THE PIONEER**

## वाईएमसीए में 23 अप्रैल को होगा आइडियाथॉन-2019' का आयोजन

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों के अभिनव विचारों को मंच प्रदान करने तथा उन्हें स्टार्ट-अप के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आगामी 23 अप्रैल को 'आइडियाथॉन-2019' का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किये जा रहे अपनी तरह के पहले कार्यक्रम में देशभर के जाने-माने उद्यमी, प्रेरक वक्ता, विशेषज्ञ तथा विचारक हिस्सा लेंगे तथा स्टार्ट-अप से संबंधित अपने अभिनव विचार प्रतिभागियों के साथ साझा करेंगे।

**NEWS CLIPPING: 22.04.2019**

**PUNJAB KESARI**

# कल होगा आइडियाथॉन 2019 का आयोजन

फरीदाबाद, 21 अप्रैल (ब्यूरो): विद्यार्थियों के अभिनव विचारों को मंच प्रदान करने तथा उन्हें स्टार्ट अप के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा 23 अप्रैल को आइडियाथॉन 2019 का आयोजन किया जा रहा है।

इवेंट को संबोधित करने वाले वक्ताओं में पेटीएम के उपाध्यक्ष सौरभ जैन, ओएनजीसी फाउंडेशन के सीईओ किरण डीएम, हारट्रोन मल्टी स्किल डेवलपमेंट सेंटर, स्टार्टअप इंक्यूबेटर और आईओटी गुरूग्राम के सीईओ डॉ. राजीव गुलाटी, लंदन बिजनेस स्कूल की सर्टीफाइड मेंटर डॉ. अनीता लाल त्रिपाठी तथा नेसकॉम 10000 इंक्यूबेट प्रोग्राम में लीडर डॉ. सुनील शेखावत शामिल रहेंगे।

पंजाब केसरी ई-पेपर Mon, 22
https://

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 22.04.2019**

**HINDUSTAN**

# आइडियाथॉन का आयोजन कल से

**फरीदाबाद।** विद्यार्थियों के अभिनव विचारों को मंच प्रदान करने और उन्हें स्टार्ट-अप को प्रोत्साहित करने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ( वाईएमसीए) में मंगलवार से आइडियाथॉन-2019 का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों से उद्यमी, प्रेरक वक्ता, विशेषज्ञ और विचारक हिस्सा लेंगे।

इस मौके पर स्टार्ट-अप से संबंधित विचार को साझा किया जाएगा। इसमें प्रेरक वक्ताओं, निवेशकों सहित कई लोग अपने विचार रखेंगे। इस दौरान प्रतिभागियों में विजेताओं को करीब 1.5 लाख रुपये तक के नकद पुरस्कार रखने का निर्णय लिया गया है। इसमें पहला पुरस्कार 50,000 रुपये होगा। जबकि दूसरा पुरस्कार 20,000 रुपये के तीन और तृतीय पुरस्कार 10,000 रुपये के चार पुरस्कार होंगे।

**NEWS CLIPPING: 22.04.2019**

**NAVBHARAT TIMES**

## फटाफट खबरें

### लेंगे हिस्सा

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद** : स्टूडेंट्स के विचारों को मंच देने व स्टार्ट अप को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जेसी बोस (वाईएमसीए) यूनिवर्सिटी में 23 अप्रैल को आइडियाथॉन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार के अनुसार युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए यह आयोजन हो रहा है। इस कार्यक्रम में देशभर के जाने-माने उद्यमी, प्रेरक वक्ता, विशेषज्ञ व विचारक हिस्सा लेंगे और स्टार्ट-अप से संबंधित अपने अनुभव साझा करेंगे। इस दौरान स्टूडेंट्स को इनसे बातचीत करने का अवसर मिलेगा। इस इवेंट में देश भर से लगभग 150 प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 22.04.2019**

## PUNJAB KESARI .COM

### आइडियाथॉन-2019 का आगाज कल

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी): विद्यार्थियों के अभिनव विचारों को मंच प्रदान करने तथा उन्हें स्टार्ट-अप के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जे सी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा 23 अप्रैल को आइडियाथॉन-2019 का आयोजन किया जा रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा युवा उद्यमियों को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किये जा रहे अपनी तरह के पहले कार्यक्रम में देशभर के जाने-माने उद्यमी, प्रेरक वक्ता, विशेषज्ञ तथा विचारक हिस्सा लेंगे तथा स्टार्ट-अप से संबंधित अपने अभिनव विचार प्रतिभागियों के साथ साझा करेंगे। इस दौरान विद्यार्थियों को प्रेरक वक्ताओं, निवेशकों तथा इंक्यूबेटर्स से बातचीत करने का अवसर मिलेगा। इस तरह के परस्पर संवाद से नये एवं अभिनव विचार भी उत्पन्न होंगे और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में भावी समस्याओं के समाधान के लिए इन विचारों के क्रियान्वयन की संभावनाओं पर गंभीरता से बातचीत की जायेगी। इवेंट के दौरान प्रतिभागियों के अभिनव विचारों को 1.5 लाख रुपये तक के विभिन्न श्रेणी में नकद पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जायेगा। इसमें पहला पुरस्कार 50,000 रुपये का होगा। इसके अलावा, 20,000 रुपये के तीन पुरस्कार तथा 10,000 रुपये के चार पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कारों को भूतपूर्व छात्र संघ मॉब तथा टीईक्यूआईपी द्वारा प्रायोजित किया गया है।

पंजाब केसरी

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 22.04.2019**

**DAINIK BHASKAR**

# स्टूडेंट्स को भूतपूर्व विद्यार्थियों ने बताया 'कैसे बने सफल उद्यमी'

**फरीदाबाद**| जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी यूनिवर्सिटी ने स्टूडेंट्स को भूतपूर्व विद्यार्थियों के साथ बेहतर संवाद एवं तालमेल कायम करने के उद्देश्य से परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें यूनिवर्सिटी के अंतिम वर्ष के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। इसका उद्घाटन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। इस मौके पर भूतपूर्व विद्यार्थी संघ 'माब' के अध्यक्ष नवीन सूद, उपाध्यक्ष सुनील यादव, महासचिव अनिल कुमार भारद्वाज, राज भाटिया आदि मौजूद थे। इस दौरान कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि भूतपूर्व विद्यार्थी विश्वविद्यालय का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। वे इस संस्थान के ब्रांड एंबेसडर एंबेडसर हैं जो संस्थान के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। संस्थान तथा भूतपूर्व विद्यार्थी संघ के बीच बेहतर जुड़ाव पर बल देते हुए कुलपति ने कहा कि भूतपूर्व विद्यार्थियों ने हमेशा इस संस्थान के विद्यार्थियों के मार्गदर्शक के रूप में तथा उन्हें रोजगार दिलाने में अहम भूमिका निभाई है और विद्यार्थियों को भूतपूर्व विद्यार्थियों के साथ बातचीत के लिए मिलने वाले अवसरों का लाभ उठाना चाहिए जिससे उनके करियर को भी बल मिलेगा। कुलपति ने सभी विद्यार्थियों को एलुमिनाई पोर्टल से जुड़ने का भी आह्वान किया। संवाद सत्र के दौरान भूतपूर्व विद्यार्थी संघ के सदस्यों ने अपने सपनों को हासिल करने के लिए कड़ी मेहनत की।

Recognised by UGC under Section 2 (f) & 12 (B) of UGC Act, 1956 | Accredited 'A' Grade by NAAC